प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 22.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- अमेरीका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस कल रात जयपुर पंहुचे–आज विभिन्न पर्यटन स्थलों का दौरा कर दोपहर में भारत अमेरिका व्यापार संबंधों पर संबोधन देंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा – राज्य सरकार सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।
- विश्व पृथ्वी दिवस आज –इस वर्ष का विषय **हमारी शक्ति–हमारा ग्रह।**
- प्रदेश में गर्मी और हीटवेव की स्थिति को देखते हुए कई जिलों में स्कूलों का समय बदला।

000000

अमेरीका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस कल रात जयपुर पंहुचे। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बताया कि भारतीय विदेश मंत्रालय से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार श्री वेंस अपनी पत्नी और तीन बच्चों सहित इस यात्रा पर हैं। इस यात्रा के दौरान वे राजस्थान की सांस्कृतिक और स्थापत्य धरोहर से परिचित होंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। और ब्योरा हमारे संवाददाता से–

.....

अमेरिकी उपराष्ट्रपति की इस तीन दिन की यात्रा को देखते हुए प्रशासन की ओर से व्यापक व्यवस्था की गई है। यातायात के विशेष इंतजाम किये गये है। कई रास्तों पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है।

.......

इससे पहले कल श्री वेंस ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की गई। दोनों नेताओं ने भारत–अमरीका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के अलाव ऊर्जा, रक्षा, रणनीतिक प्रौद्योगिकियों और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों पर बात की।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बजट 2025–26 में धार्मिक स्थलों के लिए अहम घोषणाएं की गई हैं। श्री शर्मा ने कल जयपुर जिले के फागी में संत धन्ना भगत जी के जयन्ती महोत्सव के दौरान ये बात कही। संत धन्न भगत की जन्म स्थली नोखा–नाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि धन्ना भगत जी का संत परंपरा में विशिष्ट स्थान रहा है। उन्होंने भक्ति मार्ग को अपनाते हुए जात–पात का विरोध किया और अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किया।

.....

इससे पहले मुख्यमंत्री ने कल सीकर जिले के प्रेमपुरा में गौ सेवक स्वर्गीय ईश्वर राम हिंडाला की मूर्ति का अनावरण भी किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया।

0000

इसाइयों के सर्वोच्च पादरी पोप फ्रांसिस का कल 88 वर्ष की आयु में वेटिकन के कासा सांता मार्टा में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। पोप फ्रांसिस के निधन पर दुनिया भर के नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पोप फ्रांसिस को दुनिया भर के लाखों लोग हमेशा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिकता के प्रतीक के रूप में याद रखेंगे। पोप फ्रांसिस के सम्मान में केन्द्र सरकार ने तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। दो दिन का राजकीय शोक आज और कल रहेगा जबकि अंतिम संस्कार के दिन भी राजकीय शोक होगा। देश भर में राजकीय शोक के दौरान सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा।

0000

आज विश्व पृथ्वी दिवस है। विश्व में पर्यावरण संरक्षण प्रयासों में समर्थन के लिए ये दिन मनाया जाता है। साल 1969 में यूनेस्को शिखर सम्मेलन में सुझाव के बाद पहली बार 1970 में पृथ्वी दिवस मनाया गया था। इस वर्ष का विषय है– "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" । विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नई दिल्ली के राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर में 'पृथ्वी बचाओ सम्मेलन' का उद्घाटन करेंगे। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन को कम करने और आर्थिक विकास को गति देने में बांस की क्षमता का पता लगाना है। सम्मेलन में देश भर से लगभग

एक हजार दो सौ प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। सम्मेलन में जलवायु और हरित नवाचार में बदलाव का नेतृत्व करने वाले 15 अग्रदूतों को भारत स्थिरता पुरस्कार 2025 भी दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को विश्व पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया संदेश में सभी से वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ पृथ्वी की रक्षा करने और इसे आने वाली पीढियों के लिए सुरक्षित रखने का आह्वान किया है। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रदेश में भी पर्यावरण जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जैसलमेर के मोहनगढ नेहरी कस्बे में स्थित एक सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई है।

00000

बारां जिले में ग्रामीण इलाकों तक पंहुच आसान करने के लिए रास्ता खोलो अभियान की शुरूआत की जायेगी। जिला प्रशासन की पहल पर ये अभियान कल से शुरू होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसके तहत गांवों में विभिन्न पक्षों के बीच आपसी सहमति बनाकर रास्ते खोले जायेंगे।

.....

0000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क रहा। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे अधिक 41 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से लगभग 3 डिग्री सैल्सियस अधिक है। वहीं सबसे उष्ण रात सीकर के फतेहपुर में रही, जहां तापमान 17 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ। विभाग ने अगले तीन–चार दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री बढोतरी होने की संभावना व्यक्त की है। गर्मी और हीटवेव की स्थिति को देखते हुए प्रदेश में कई स्थानों पर स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। जयपुर जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा–8 तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय समय सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर साढ़े ग्यारह बजे रहेगा। वहीं कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

0000

भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग कल जयपुर प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। श्री गर्ग ने वोटिंग मशीनों की बेहतरीन सुरक्षा और रखरखाव व्यवस्था पर संतोष जाहिर किया। श्री गर्ग से मिले निर्देशों के बाद प्रदेश

के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को ईवीएम वेयरहाउस पर सुरक्षा मानकों की पालना पर रिपोर्ट देने को कहा है। उन्होंने ये रिपोर्ट 30 अप्रैल तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम 27 अप्रैल को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम की ये 121वीं कड़ी होगी। इसके लिए 25 अप्रेल तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं।

000